ब्रिटिश कोलम्बिया में मेरा बच्चा किंडरगार्टन के योग्य कब होगा?

आप अपने बच्चे को किंडर गार्टन के लिये पंजीकृत करवा सकते हैं जिस वर्ष आपका बच्चा 5 वर्ष का होगा।

क्या मेरा बच्चा पूरे दिन के लिये किंडरगार्टन जाने के लिये तैयार है?

प्रत्येक बच्चा अपने स्तर तथा गति से विकसित होता है। अपने बच्चे के किंडरगार्टन से आने वाले परिवर्तन को कैसे आसान बनायें तथा अपने मन को शांत करने के बारे में स्कूल के प्रिंसीपल, या अध्यापक से बात करें।

पूरे दिन के लिये किंडरगार्टन पर जानकारी के लिये

अपने स्थानीय स्कूल जिले से सम्पर्क करें
http://www.bced.gov.bc.ca/schools/bcmap.htm

या स्वतंत्र स्कूल अधिकारी से सम्पर्क करें
http://www.bced.gov.bc.ca/apps/imcl/imclWeb/IndSchoolAuthority.do

स्कूल में देखभाल पर जानकारी के लिये देखें
http://childcareinfo.gov.bc.ca/childcaresearch/search.aspx

प्राथमिक शिक्षा पर अधिक जानकारी के लिये
http://www.bced.gov.bc.ca/early_learning/full_day_kindergarten.htm

पूरे दिन का किंडरगार्टन जीवन भर सीखते रहने के लिये मजबूत आधार बनाने का एक अद्भुत अवसर है।

BRITISH COLUMBIA

Full Day Kindergarten [Hindi]

किंडरगार्टन में पूरा दिन

किंडरगार्टन का आरम्भ बच्चों तथा उनके परिवारों के लिये एक रोमांचक समय है।

BRITISH COLUMBIA

किंडरगार्टन में पूरा दिन

- शिक्षा मंत्रालय ने सम्पूर्ण ब्रिटिश कोलम्बिया में 2010 से दो वर्षों की समयावधि के दौरान पूरे दिन का किंडरगार्टन चरणों में आरम्भ किया था। पूरे दिन का किंडरगार्टन अब प्रांत में समस्त पाँच-वर्षीय योग्य बच्चों के लिये उपलब्ध है।
- पूरे दिन की शिक्षा, पठन व अंकज्ञान में सुधार, कक्षा 1 में सहज बदलाव, तथा उच्चत्तर स्कूलों के बाद की संख्या को बढ़ने से सम्बन्धित है।
- पूरे दिन के लिये किंडरगार्टन अध्यापकों को इस योग्य बनाता है कि वे विद्यार्थियों को अधिक वैयक्तिक समय दें।

बच्चे प्राकृतिक रूप से विद्यार्थी हैं, वे अपने संसार के बारे में आश्चर्य तथा कौतुहल से भरपूर हैं।

किंडरगार्टन में पूरे दिन के लाभ

आपके बच्चे के लिये

- खेल द्वारा सीखने के अधिक अवसर।
- अन्य बच्चों के साथ लम्बे समय तक मेल-मिलाप [विस्तृत अंतर्क्रिया] से सामाजिक-भावनात्मक कुशलतायें सशक्त [होती हैं] तथा सकारात्मक आत्म-सम्मान के विकास में सहायता [मिलती है]।
- शैक्षणिक सामान के साथ अधिक प्रदर्शन [या सम्पर्क] होने से शिक्षा-कौशल के विकास में सहायता।
- बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये अध्यापकों के पास अधिक समय।
- दिन के दौरान आने वाले कम बदलाव।
- वैयक्तिक या छोटे समूह के अधिक कार्य-कलाप।

माता-पिता के लिये

- अपने बच्चे के स्कूल के साथ सशक्त संबन्ध।
- अपने बच्चे के शिक्षा कार्यक्रम में विश्वास।
- अपने बच्चे की औपचारिक शिक्षा में सक्रिय भूमिका निभाने के अवसर।
- यदि आपके [बच्चे की] देखभाल करने के खर्च में कमी आती है तो यह आपका आर्थिक लाभ है।
- माता-पिता के काम या पढ़ाई के लिये अधिक समय मिलने से काम/जीवन में पहले से अधिक संतुलन।

खेल के द्वारा ही बच्चे अपने संसार को समझ सकते हैं।

जीवन के लिये निर्माण सोपान

- अनुसंधान से पता चलता है कि बच्चों को विद्यार्थी जीवन में सफलता पाने के लिये खेल-आधारित किंडरगार्टन के कार्यक्रम सहायक होते हैं।
- बचपन के अनुभव भविष्य के शिक्षा ग्रहण करने के स्वभाव को आकार देते हैं।

खेल स्वस्थ शारीरिक, सामाजिक, भावनात्मक,भाषा तथा बोधात्मक विकास को बढ़ावा देता है।